## करोड़ों रुपए फूंकने के बाद भी सिस्टम में लगा है घुन, चांदी काट रहे हैं अफसर

# कुपोषण से मौत के मामले में फिलहाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाया, अफसरों की जिम्मेदारी कब तय होगी?

**सतना।** सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता का एक और भयावह अध्याय मध्य प्रदेश के सतना जिले में लिखा गया है। मझगवां विकासखंड के मरवा गांव में महज चार महीने के मासूम हुसैन रजा को अति गंभीर कुपोषण और बार-बार होने वाले संक्रमण ने मौत के मुंह में धकेल दिया। 18 अक्टूबर को बेहद नाजुक हालत में जिला अस्पताल के पीआईसीयू (पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) में भर्ती कराया गया,जहां सोमवार 20 अक्टूबर की सुबह 11 बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों के मुताबिक,सामान्यतः 5 किलो या इससे अधिक होना चाहिए था,जबकि हुसैन का वजन घटकर मात्र ढाई किलोग्राम रह गया था। उसकी मृत्यु का कारण गंभीर कुपोषण,निमोनिया और अन्य संक्रमण बने।

### गहरी नींद में विभाग, जन्म पर 3 किलो, फिर भी अनदेखी

चौंकाने वाली बात यह है कि 2 जुलाई को जैतवारा पीएचसी में संस्थागत प्रसव के दौरान जन्मे हुसैन का वजन 3 किलोग्राम था। यह सामान्य वजन था, लेकिन इसके बाद स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बच्चे का कोई नियमित फॉलोअप नहीं किया। जुलाई से सितंबर तक चले 'दस्तक अभियान' के दौरान भी कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने की जिम्मेदारी पूरी नहीं की गई। चार माह के मासूम को सिर्फ एक टीका लगा था,जबकि उसे बार-बार निमोनिया हो रहा था। उसकी प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह खत्म हो गई थी।

### लापरवाही की लंबी श्रृंखला

यह मामला सामने आते ही भोपाल से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी हरकत में आ गए हैं,लेकिन यह हरकत बच्चे की जान जाने के बाद हुई।

### कर्मचारियों पर कार्रवाई

महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ राजीव सिंह ने शनिवार को हरिभूमि को बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को तत्काल हटा दिया गया है। साथ ही चित्रकूट क्रमांक 2 की परियोजना अधिकारी रीता द्विवेदी और सेक्टर सुपरवाइजर किशन लाल प्रजापति को नोटिस जारी सवाल जवाब किया गया है,जिसका जवाब सोमवार को आना है।



### स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार भी निशाने पर

सीएमएचओ डॉ.एलके तिवारी ने सेक्टर मेडिकल ऑफिसर पीएचसी खुटहा डॉ.एसपी श्रीवास्तव, आशा कार्यकर्ता मरवा उर्मिला सतनामी,स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्वास्थ्य केंद्र मरवा लक्ष्मी रावत,सेक्टर सुपरवाइजर खुटहा राजकिशोर शुक्ला को भी लापरवाही के लिए नोटिस जारी किए हैं।

### पोषण ट्रैकर में पंजीयन नहीं

सूत्रों के अनुसार,हुसैन का जन्म के बाद मरवा आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीयन तो हुआ,लेकिन पोषण ट्रैकर एप में उसका पंजीयन नहीं किया गया था।सूत्रों का कहना है कि इलाके के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक तरीके से नहीं किया और वे मुख्यालय में रहते भी नहीं हैं। इतनी बड़ी कुपोषण की लापरवाही के प्रकरण को छोटे कर्मचारियों को हटाकर 'इतिश्री' करने की कोशिश की जा रही है,जबकि जिले के जिम्मेदार बड़े अफसरों पर भी उंगली उठ रही है।

### परिजनों की भी लापरवाही

इस गंभीर मामले में सिर्फ सरकारी तंत्र ही नहीं, हुसैन के परिजन भी लापरवाह पाए गए हैं। जन्म के एक सप्ताह बाद और फिर डिस्चार्ज होने के 15 दिन बाद हुसैन को निमोनिया हुआ था। दूसरी बार निमोनिया होने पर वे उसे अपनी मर्जी से निजी अस्पताल ले गए थे और ठीक होने के बाद परिवार काम के लिए पुणे चला गया था, जहां बच्चे की देखभाल नहीं हो पाई। यहां तक कि 18 अक्टूबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भी परिवार के सभी सदस्य घर चले गए, केवल मां उसके साथ थी और वह भी डॉक्टरों द्वारा बताई गई डाइट के मुताबिक चम्मच से फीड कराने में लापरवाही कर रही थी।

### उच्च स्तरीय संज्ञान

मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएचएम शिशु स्वास्थ्य की डिप्टी डायरेक्टर डॉ.हिमाली यादव और रीवा संभाग के अतिरिक्त स्वास्थ्य संचालक डॉ.एसबी अवधिया ने जिला मुख्यालय के अधिकारियों से तत्काल विस्तृत जानकारी मांगी है। मासूम हुसैन रजा की मौत ने सतना में कुपोषण उन्मूलन के सरकारी दावों की पोल खोल दी है और यह साबित कर दिया है कि मैदानी अमले की लापरवाही के चलते योजनाएं केवल कागजों तक सिमट कर रह गई हैं। इस दर्दनाक घटना ने 'दस्तक अभियान' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि इस जानलेवा लापरवाही के लिए सिर्फ छोटे कर्मचारियों पर गाज गिरती है या जिले के जिम्मेदार बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई होती है।

## खबर संक्षेप

### रामपुर के स्कूल में उपद्रवः असामाजिक तत्वों ने बच्चों पर फेंके बम-पटाखे, दहशत

**रामपुर।** ग्राम अहिरगांव स्थित शहीद सत्यम पब्लिक स्कूल में शनिवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने उपद्रव मचाया। आरोप है कि सनी साकेत नामक युवक ने स्कूल परिसर में बम-पटाखे जलाकर फेंके,जिससे छोटे बच्चे डरकर रोने लगे। विरोध करने पर युवक और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए डंडा लेकर स्कूल में घुसकर धमकाया। स्कूल संचालक ने रामपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी है।

### बस स्टैंड पर चोरों का आतंकः ऑपरेटरों के कार्यालयों से लाखों का सामान चोरी

**सतना।** बस स्टैंड पर एक बार फिर चोरों ने कहर बरपाया है। पुराने फायर ब्रिगेड ऑफिस के ई ब्लॉक में स्थित बस ऑपरेटरों के कार्यालयों को निशाना बनाया गया है,जहाँ से एसी कंप्रेसर पाइप समेत कई कीमती सामान चोरी हुए हैं। मौके से सुलेशन ट्यूब और कोरेक्स जैसे नशीले पदार्थों के अवशेष (खाली ट्यूब/बोतलें) मिलने से नशे के आदी चोरों पर संदेह गहरा गया है। बस ऑपरेटरों में दहशत है। उनका आरोप है कि बस स्टैंड से पुलिस चौकी हटने के बाद चोरी की वारदातों में अचानक वृद्धि हुई है। लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रभावी गश्त की मांग की है।

### खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग लीगः सतना ने रचा इतिहास, 200+ गर्ल्स फाइटर्स की दमदार भागीदारी

सतना। गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स से मान्यता प्राप्त वाको इंडिया और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में स्कूल में खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग की शुरुआत हुई है। यह पहली बार है जब सतना इस भव्य राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी कर रहा है। इस लीग का विशेष आकर्षण 200 से अधिक महिला फाइटर्स की भागीदारी है,जिनमें रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 10 से अधिक जिलों की खिलाड़ी शामिल हैं। इसे नारी शक्ति और स्पोर्ट्स पावर के उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। आयोजन में नेशनल रेफरी द्वारा सतना के ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों को विशेष ट्रेनिंग भी दी गई।



### मैहर में मच्छरों का आतंक, शहरवासी परेशान; पुलिस कॉलोनी में जलजमाव से बीमारियों का खतरा

**मैहर।** नगर पालिका क्षेत्र मैहर में मच्छरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। वार्ड 1 से 24 तक मच्छरों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है,लेकिन नगर पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधि बेखबर बने हुए हैं। फॉगिंग बंद है और नालियों की सफाई न होने से गली-मोहल्लों और मैहर पुलिस कॉलोनी परिसर में जलजमाव और गंदगी बढ़ रही है,जिससे डेंगू और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल फॉगिंग अभियान शुरू करने की मांग की है।



## अग्रवाल महिला मंडल का दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**सतना।** समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा 25 अक्टूबर को दीपावली मिलन कार्यक्रम बूटी बाई अमृत हॉल में मनाया गया। अध्यक्ष सीमा एवं सचिव पूजा के नेतृत्व में आटा से दूज बनाना व रंगीन पेपर से हैंगिंग लालटेन बनाने की प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम में बी. ओ.डी.मणिका, नेहा,मीना,



प्रीती,हेमा,मोनिका पूर्वाध्यक्षाएं शिल्पी, सरोज, मंजूषा,शशि एवं स्वजातीय बहनें उपस्थित रही। इस प्रतियोगिता की जज सरोज व विमला जी रहीं। आटा से दूज बनाने में प्रथम सुनीता द्वितीय शिप्रा तृतीय प्रभा चतुर्थ मेघा रही। लालटेन बनाने में प्रथम सुनीता,द्वितीय पूजा,रितु तृतीय राज श्री,अनामिका रही। इस कार्यक्रम की जानकारी पीआरओ नमीता व जया द्वारा दी गई।

### मैहर सिविल अस्पताल की महीनों से बंद लिफ्ट की मरम्मत शुरू

**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल में पिछले कई महीने से बंद पड़ी लिफ्ट की समस्या पर आखिरकार कार्रवाई शुरू हो गई है। सांसद गणेश सिंह द्वारा मामले का संज्ञान लेने और अधिकारियों को फटकार लगाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। लिफ्ट बंद होने से मरीजों को ऊपर के वार्डों में ले जाना बेहद मुश्किल हो रहा था,कुछ मामलों में तो मरीजों की जान पर बन आई थी। सांसद की पहल पर अब मरम्मत का काम शुरू हो गया है,जिससे जल्द ही मरीजों और आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### सतना प्रलेस की विचार-गोष्ठी आज

**सतना।** प्रगतिशील लेखक संघ की सतना जिला इकाई के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे होटल महामाया के सभागार में विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस गोष्ठी का केंद्रीय विषय प्रगतिशीलता के मायने है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रलेस राज्य इकाई के अध्यक्ष प्रो.सेवाराम त्रिपाठी करेंगे। पद्मश्री बाबू लाल दाहिया वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर जिला इकाई का पुनर्गठन भी किया जाएगा। इकाई अध्यक्ष संतोष खरे और महासचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने जिले के सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया है कि वे इस गोष्ठी और लेखकों के संगठन में उत्साहपूर्वक शामिल हों तथा वर्तमान समय में प्रगतिशीलता के नए अर्थ खोलें।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ रविवार से

सतना। पंडित आयुष कृष्ण में जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रविवार, 26अक्टूबर से अमृत वाटिका,आयुष्मान हॉस्पिटल रोड,सतना में शुरू होगा।कथा की शुरुआत रविवार को सुबह 10 बजे खेरमाई मंदिर से अमृत वाटिका तक कलश यात्रा के साथ होगी,जिसके बाद वेदी पूजन,भागवत महात्म्य और शुकदेव आगमन का कार्यक्रम होगा। कथा का श्रवण समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और सायं 04 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगा। कथा का समापन 02 नवम्बर को पूर्णाहुति,महाप्रसाद एवं विशाल भण्डारे के साथ होगा।



### छठ महापर्व की तैयारियाँ शुरू, मैहर में लीलजी नदी और बाबा तालाब पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मैहर।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि पर 25 अक्टूबर,शनिवार से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व 2025 की शुरुआत हो रही है। मैहर में लीलजी नदी घाट,बाबा तालाब (सतना रोड),और सोनावरी तमस नदी हनुमान मंदिर घाट सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। नगर पालिका मैहर द्वारा घाटों पर सफाई,टेंट और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## लक्ष्मी पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को, टिकुरिया टोला इकाई -2 करेगी मेजबानी

**सतना।** धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टिकुरिया टोला इकाई क्रमांक-2 द्वारा लक्ष्मी पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन आगामी रविवार,26 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम गणेश मैरिज हॉल,टिकुरिया टोला,कश्यप नगर,डिलौरा रोड,सतना में दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। आयोजन का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और प्रतिभावान सदस्यों का सम्मान समारोह रहेगा। मुख्य अतिथि के रूप में राधिका प्रसाद गुप्ता,अध्यक्ष-कसौधन वैश्य समाज,सतना उपस्थित रहेंगे।

### साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए मैहर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**मैहर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मैहर पुलिस ने मां शारदा देवी मंदिर परिसर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को साइबर अपराधों पर रोकथाम के लिए साइबर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मैहर के निर्देशानुसार,श्रद्धालुओं को फर्जी कॉल,डिजिटल अरेस्ट,बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग,और QR कोड स्कैम जैसे मामलों की पहचान और बचाव के तरीके समझाए गए। श्रद्धालुओं से OTP, पासवर्ड या बैंक डिटेल्स साझा न करने की अपील की गई।

## म.प्र.लघु वेतन कर्मचारी संघ मैहर की बैठक आयोजित



**मैहर।** मध्य प्रदेश वेतन कर्मचारी संघ मैहर की बैठक मुख्य अतिथि प्रातांध्यक्ष महेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि जिलास्तरीय संध की समस्याओं का निराकरण करना है जैसे प्रदेश सरकार के द्वारा आदेश जारी किया गया था कि नगर निगम में सन 2000 में जिन लघु वेतन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी उनकों हटाया जाएगा जिसकों लेकर संघ प्रदेश के हर जिले का दौरा कर रहे है और इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं मंत्री विजय वर्गीय से भी बात की जाएगी लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है किसी कर्मचारी को निकाला नही जाएगा न ही हटने दिया जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं पर भी कार्य किया जा रहा है क्यों कि प्रदेश में जिले के अधिकारीगण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की डियुटी अन्य कार्यो में लगा कर कार्य कराया जाता है जो उचित नहीं है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की वेतन,कार्य सहित अन्य समस्याओं के बारे मुख्यमंत्री से बात की जाएगी जिसकों लेकर संगठन कार्य कर रहा है। इस दौरान बताया गया लघु वेतन कर्मचारी संघ 7 जनवरी को प्रदेश के 55 जिलों में समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दूसरे चरण में संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा और 12 दिसंबर को प्रदेश में जहां जहां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा होगी उन पर माल्यार्पण कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर काफी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सतना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को अपने सतना प्रवास के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय का औचक भ्रमण कर वहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर उनके साथ नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,बालेन्द्र गौतम भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. एसपी गर्ग, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला सहित वरिष्ठ मेडीकल आफीसर्स एवं पीआईयू के अधिकारी भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## दिव्य राम यात्रा सतना पहुँची, अगस्त्य मुनि आश्रम में मोरारी बापू की राम कथा

**सतना।** पूज्य मोरारी बापू की ऐतिहासिक राम यात्रा अब सतना पहुँच गई है, जो भगवान श्रीराम के पवित्र चरणों के मार्ग का अनुसरण करते हुए आध्यात्मिक यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह यात्रा 25 अक्टूबर को चित्रकूट से आरंभ हुई थी और अब 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से बापू अगस्त्य मुनि आश्रम, सतना में भक्तों को रामकथा सुनाएंगे। त्रेता युग में वर्तमान चित्रकूट (उत्तर प्रदेश–मध्य प्रदेश सीमा) और सतना (मध्य प्रदेश) क्षेत्र विंध्य–बघेलखंड का हिस्सा था, जो दंडक–चित्रकूट वन क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। उस समय कोई राजनीतिक सीमाएँ नहीं थीं। श्रीराम का वनवास मार्ग चित्रकूट की पहाड़ियों से सतना के वनों (रामवन, मैहर) तक विस्तृत था।भगवान श्रीराम ने माता सीता और लक्ष्मण के साथ लगभग 11.5 वर्ष इसी क्षेत्र में वनवास के दौरान बिताए थे। इसके बाद लंका गमन और माता सीता के हरण के पश्चात अयोध्या वापसी की कथा इसी यात्रा का अंग रही।यह 11-दिवसीय यात्रा भारत और श्रीलंका में लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का उत्सव मनाया जा रहा है। इस यात्रा में 411 भक्त पूज्य बापू के साथ विशेष 22 डिब्बों की रेलगाड़ी में शामिल हैं। यह दल 9 प्रमुख धार्मिक स्थलों पर रामकथा आयोजित करेगा, जिनमें पंचवटी, शबरी आश्रम, ऋषिमुख पर्वत, पर्वर्षण पर्वत, रामेश्वरम, कोलंबो और अयोध्या शामिल हैं।सतना में भक्तों के लिए विशाल पंडालों की व्यवस्था की गई है। रामकथा में सभी श्रद्धालु निःशुल्क सम्मिलित हो सकते हैं। बापू की परंपरा के अनुसार, आश्रम में भंडारा (मुफ़्त प्रसाद



भोजन) की व्यवस्था रहेगी, जिससे पूरे यात्रा काल में सभी को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

यह यात्रा संतकृपा सनातन संस्थान द्वारा श्री मदन पालीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। देश–विदेश से श्रद्धालुओं के आगमन से यह आयोजन श्रद्धा, प्रेम और एकता का अद्भुत संगम बनेगा। यह यात्रा सत्य (Truth), प्रेम (Love), और करुणा (Compassion) जैसे सनातन मूल्यों पर आधारित है और बापू के जीवन मिशन रामचरितमानस के प्रकाश से मानवता के आध्यात्मिक ताने-बाने को सशक्त करने को आगे बढ़ाती है।यह बापू की श्रीराम वनवास से जुड़ी दूसरी परिक्रमा है, पहली यात्रा 2021 में अयोध्या से चित्रकूट और नंदिग्राम तक हुई थी। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि बापू कथा के लिए कोई शुल्क स्वीकार नहीं करते — कथा और प्रसाद दोनों ही पूरी तरह निःशुल्क होते हैं।

### कार्यक्रम विवरणः

स्थानः अगस्त्य मुनि आश्रम, सतना (म.प्र.) तिथिः 26 अक्टूबर 2025 समयः सुबह 10 बजे से आगे देश-विदेश से आए भक्तों की उपस्थिति से सतना इस अवसर पर भक्ति और अध्यात्म का केंद्र बन गया है।

### पूज्य मोरारी बापू के बारे में

पूज्य मोरारी बापू पिछले 65 वर्षों से रामकथाएं सुना रहे हैं। उन्होंने मात्र 14 वर्ष की आयु में गुजरात के एक गाँव के पेड़ के नीचे अपनी पहली कथा की थी। उन्हें रामचरितमानस का ज्ञान उनके दादा और गुरु त्रिभुवन दास जी से प्राप्त हुआ। उनकी कथाओं का सार वैदिक सनातन धर्म के मूल सिद्धांत सत्य, प्रेम और करुणा पर आधारित है। बापू की कथाएं सभी जाति, धर्म और समाज के लोगों को जोड़ती हैं।अब तक बापू ने 950 से अधिक रामकथाएं भारत सहित श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, ब्रिटेन, अमेरिका, ब्राज़ील, ऑस्ट्रेलिया, इज़रायल और जापान जैसे देशों में की हैं। उन्होंने हाल ही में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों पर भी कथा की, और संयुक्त राष्ट्र (UN) मुख्यालय, न्यूयॉर्क तथा कैमब्रिज विश्वविद्यालय में भी आयोजन किए। उन्होंने समुद्र में जहाज़ पर और हवाई यात्रा के दौरान भी कथा की है। बापू ने समाज के हाशिए पर रहने वाले समुदायों जैसे सेक्स वर्कर और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए भी कथाएं की हैं और यूक्रेन, इज़रायल जैसे युद्धग्रस्त क्षेत्रों में मानवीय सहायता कार्य किए हैं। हर कथा में आने वाले सभी लोगों के लिए निःशुल्क शुद्ध शाकाहारी प्रसाद (भोजन) की व्यवस्था की जाती है।

खबर संक्षेप

### बांधी गांव में किशोरी ने फांसी लगाई, मौत



**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के बांधी गांव में शनिवार दोपहर लगभग 2:30 बजे प्रीति आदिवासी (उम्र 15-16 वर्ष) पिता रामकुमार आदिवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में शोक का माहौल है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

### डॉ. जयपाल अहीरवार ने संभाला खंड चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी बीएमओ) अमानगंज का पदभार



**अमानगंज।** स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में आज डॉ. जयपाल अहीरवार ने खंड चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी बीएमओ) अमानगंज के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अहीरवार ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर का भृमण किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगा।डॉ. अहीरवार ने स्वच्छता, समय पर टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर देने की बात कही।स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों ने नए प्रभारी बीएमओ का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### मनहर महिला समिति के निर्वाचन के संबंध में आदेश पारित

**पन्ना एसडीएम निर्वाचन अधिकारी नियुक्त**

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थायें भोपाल के दिनांक 24.09.2025 को जारी आदेश के अनुक्रम में मनहर महिला समिति पन्ना के निर्वाचन के संबंध में आदेश पारित किया है, जिसमें उल्लेखित है कि संस्था में व्याप्त विवाद की स्थिति को समाप्त करने हेतु संस्था हित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि संस्था के निर्वाचन निष्पक्ष रूप से संपन्न हों। उपरोक्त विवरण को दृष्टिगत रखते हुए अपील क्रमांक अ-34/2024 को आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है तथा अपीलाधीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्टर जिला पन्ना द्वारा नामांकित अधिकारी को दिनांक 25.07.2014 की सूची में से निर्वाचन कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर शासन के नियम, अधिनियम व निर्देश का पालन करते हुए समय सीमा में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने और परिणाम की घोषणा करते हुए समस्त संबंधित दस्तावेजों के साथ पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी छात्राओं को दी

## मनहर कन्या विद्यालय पन्ना मे आयोजित किया गया सायबर जागरुकता कार्यक्रम

पन्ना।

**पन्ना पुलिस द्वारा मनहर कन्या विद्यालय पन्ना मे आयोजित किया गया सायबर जागरुकता कार्यक्रम। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच सायबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता, जिसमें सायबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सायबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर निबंध लेखन प्रतियोगिता की गई आयोजित। माह अक्टूबर-2025 को सायबर जागरूकता माह घोषित किए जाने के तहत सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सायबर जागरूकता अभियान बृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है।**



इसी क्रम में पन्ना पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्कूलों और कॉलेजों में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली पन्ना क्षेत्र अंतर्गत मनहर कन्या विद्यालय में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच सायबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सायबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सायबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली से उप निरीक्षक रचना पटेल, सायबर सेल पन्ना से विशेषज्ञ आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत द्वारा छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि- मजबूत (जतवदह) पासवर्ड का उपयोग करें, किसी भी अज्ञात लिंक या फाइल को डाउनलोड न करें, अज्ञात कॉल या मैसेज के माध्यम से मिलने वाले लिंक पर क्लिक न करें, अपने व्यक्तिगत दस्तावेज या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें, सोशल मीडिया पर ओवरशेयरिंग से बचें और गोपनीयता सेटिंग्स को हमेशा सक्रिय रखें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्राओं को एन.सी.आर.पी. तथा संचार साथी पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। इन पोर्टलों के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल गुम या चोरी होने की शिकायत, साइबर अपराध की ऑनलाइन रिपोर्टिंग तथा संदिग्ध संचार गतिविधियों की सूचना आसानी से दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस द्वारा अपील की गई है कि सभी नागरिक सायबर सतर्कता अपनाएं, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत अटेंड न करने पर लगेगा अर्थदण्ड




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को अनिवार्य रूप से एल 1 स्तर पर ही अटेंड करने की कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया है। प्रथम चरण में शिकायत अटेंड न करने और संतुष्टिपूर्ण निराकरण की कार्यवाही का प्रतिवेदन पोर्टल पर समय सीमा में दर्ज न कराने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध 500 रूपए प्रति शिकायत के मान से अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जुर्माना राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी पन्ना के खाते में एक सप्ताह में जमा कराना होगी। इस संबंध में जारी आदेश में अवगत कराया गया है कि टीएल बैठक के पूर्व जिला स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिकायत अटेंड न करने वाले अधिकारियों की सूची प्रेषित की जाएगी। संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा एल 1 अधिकारी को आगामी टीएल बैठक में उपस्थित होने अथवा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से जुड़ने के लिए सूचित किया जाएगा। समस्त एल 1 एवं एल 2 अधिकारियों को अपने स्तर पर शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई कर शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति से अवगत होने तथा निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए तय समय सीमा में पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे शिकायत नॉट अटेंड होकर अगले लेवल पर अग्रेषित न हो सके।

# पन्ना में वृद्ध मजदूर की किस्मत चमकी, खदान में मिले तीन हीरे



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती कब किसकी किस्मत पलट दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। यहां एक वृद्ध मजदूर को पटी हीरा खदान क्षेत्र से एक साथ तीन हीरे मिले हैं। हीरा मिलने के साथ ही अब यह गरीब मजदूर लखपति बन गया है। हीरा कार्यालय पन्ना में पदस्थ हीरा पारखी अनुपम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बेनीसागर पन्ना निवासी महादेव प्रसाद प्रजापति को तीन हीरे मिले हैं। खदान से मिले इन हीरों को उसने शुक्रवार 24 अक्टूबर को विधिवत हीरा कार्यालय में जमा किए हैं। आपने बताया कि महादेव प्रसाद ने इसी माह पट्टा बनवाया था और दो हफ्ते पूर्व ही हीरा खदान में खुदाई का कार्य शुरू किया था। इस बीच उसे 2.58, 2.75 व 3.09 कैरेट वजन के तीन हीरे मिले।

# गुनौर विकासखण्ड के अनेकों गांवों में नहीं मिल रहा नलजल योजना लाभ हैण्डपम्प दे रहे हवा



**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर विकासखण्ड में अभी भी लोग पानी को लेकर परेशान है सरकार द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना भी नहीं है हैंड पंप से पानी भरना पड़ रहा है और हैंडपंप भी अब बिगड़ गया है हैंडपंप खराब होने की शिकायत भी दर्ज की पर ग्रामीणों का कहना कि कर्मचारी कहते हैं कि अभी छुट्टी चल रही है हम लोगों को पीने के पानी को लेकर परेशान होना पड़ता है एक किलोमीटर से दूसरे के खेत से पानी भरना पड़ता है रोड है यहीं से चार पहिया दो पहिया वाहन निकलते हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है छोटे-छोटे बच्चे भी पानी भरने आते हैं रोड पार करके जाना पड़ता है वही खेत से पानी देने वाले किसान का कहना है कि इन लोगों को मेरे यहां से पानी भरते हुए एक हफ्ते के लगभग हो गया है उनके यहां का हैंड पंप खराब है अगर मैं इन्हें पानी नहीं देता तो यह कहां जाते पीने के पानी के लिए मैं तो यही कहूंगा कि सरकार और जिम्मेदार विभाग के लोग अपनी ड्यूटी सही तरीके से करें और जाकर हैंडपंप बना दें जिससे इनको पानी को लेकर परेशानी ना हो जबकि सरकार के द्वारा चलाई जा रही है योजना में हर घर पानी घर-घर पानी कहां जा रहा



### खेत में पानी लगाने गए किसान की बाइक चोरी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम भडार में गुरुवार देर रात एक किसान की मोटर साइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। फरियादी रनमत आदिवासी पिता नौना आदिवासी 36 वर्ष निवासी भड़ार ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी के साथ ठेका पर जमीन लेकर खेती किसानी करता है। फरियादी के अनुसार 23 अक्टूबर की रात करीब 3 बजे वह अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी-16-डी-3848 से ठेका वाले खेत में पानी लगाने गया था। मोटरसाइकिल को सुरेश आदिवासी के घर के सामने खड़ा कर वह खेत चला गया। लगभग एक घंटे बाद लौटने पर वाहन गायब मिला। आसपास तलाश करने तथा तिघरा निवासी बाबू बागरी की मदद से खोजबीन के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। घर आकर उसने अपनी मां कोमल बाई और पत्नी रानी बाई को घटना की जानकारी दी। चोरी हुई मोटर साइकिल की कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई गई है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### सगे भाइयों में विवाद, पिता-पुत्र ने की मारपीट

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के अधरखुआ गांव में गुरुवार की शाम खेत में पानी लगाने के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। फरियादी हरीराम सेन 45 वर्ष पिता लच्छू सेन निवासी अधरखुआ ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका अपने बड़े भाई राजाराम सेन से खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद हुआ। फरियादी के अनुसार उसने भाई को अपने खेत में पानी लगाने की बात कही, जिस पर राजाराम ने गालियां देना शुरू कर दी। मना करने पर वह लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। इसी दौरान राजाराम का पुत्र बिन्दू सेन डंडा लेकर आया और हरीराम के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। बीच-बचाव के दौरान पिता लच्छू सेन और बेटी गोरीबाई सेन ने झगड़ा शांत कराया। आरोप है कि जाते-जाते राजाराम और उसके बेटे ने धमकी दी कि दोबारा पानी लगाने से मना किया तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अमन सिंह लोधी का सहायक प्रध्यापक पर चयन होने पर लोधी समाज ने किया सम्मानित

पन्ना





मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित' सहायक प्रध्यापक समाज शास्त्र विषय पर चयन अमन सिंह लोधी पिता रामदास लोधी माताजी पुष्पा सिंह लोधी का चयन सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। अमन सिंह लोधी जी के सहायक अध्यापक बनने पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा एवं लक्ष्य शिक्षा राहत कोष फाउंडेशन टीम के सदस्यों द्वारा आज पन्ना निवास पहुंचकर अमन सिंह लोधी एवं माता श्रीमती पुष्पा लोधी जी को तिलक एवं फूल माला पहनाते हुए गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया एवं मिठाई खिलाते उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है। साथ ही'लक्ष्य शिक्षा राहत कोष फाउंडेशन सतना' के शास.उच्च.माध्य.विद्या. पाथर कछार(पथरीगढ़) में पहली बार दिनांक 16 नवंबर 2025 दिन रविवार को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य और विशाल शैक्षिक आयोजन के संबंध में पन्ना जिले की लक्ष्य टीम ने नगर के गणमान्य नागरिकों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाने पर विचार साझा किए गए। जिसमें मुख्य रूप से लक्ष्य शिक्षा राहत कोष फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री शिव मोहन सिंह लोधी जी, वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंह सिंगरौल जी, रिटायर्ड फौजी दिया सरपंच राम शिरोमणि लोधी जी, खोरा के पूर्व सरपंच राम धाम लोधी जी, पुष्पेंद्र सिंह लोधी जी, शिक्षक सीता शरण लोधी जी, शिक्षक छोटेलाल लोधी जी, फौजी राजेंद्र लोधी जी ककरहा, दिनेश बाबूजी सहित लक्ष्य शिक्षा राहत कोष फाउंडेशन पन्ना के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र लोधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पन्ना में नशे की गोलियों और इंजेक्शन का कारोबार, परिवार वालों ने किया हंगामा




**पन्ना।** नगर के कचहरी चौराहे पर स्थित एक सरकारी मेडिकल स्टोर में नशे की गोलियों और इंजेक्शन की बिक्री का आरोप लगाते हुए परिवार वालों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल स्टोर में नशीली दवाएं और इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं, जिससे युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। परिवार वालों ने मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाएं बेचने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मेडिकल स्टोर संचालक नशीली दवाएं और इंजेक्शन बेचकर युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हंगामे के दौरान परिवार वालों ने मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की

# पुलिस पर लगाये मारपीट के आरोप



**पन्ना।** अजयगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्राम कगरे का बारा निवासी राजकरण पिता सुनवा कोरी ने पुलिस अधीक्षक को दिये हुये षिकायती पत्र में अपने साथ हुई मारपीट का आरोप लगाते हुये बताया कि मेरी घरवाली माधुरी द्वारा आपसी विवाद की थाने में षिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें मारपीट की धारा कायम की गई थी। प्रधान आरक्षक जयहिंद पाल द्वारा फोन करके मुझे बुलाया और कहा कि तुम्हारी घरवाली ने मुकदमा कायम करा दिया है अपनी जमानत करवा लो। इस बात को सुनकर जब मै थाने पहुंचा तो जयहिंद मुंषी द्वारा मुझसे तीन हजार रूपये मांगे गये, जिस बात पर मैने कहा कि मै एक गरीब आदमी हूं मेरे पास इतने पैसे नही है। इतनी बात सुनकर वो मुझ पर चिल्लाने लगे एवं अपषब्द कहने लगे और मुझे अपने बेल्ट उतारकर मारने लगे। इस घटना पर आकर मैने पुलिस अधीक्षक से अपने ऊपर हुए जुल्म की षिकायत की है।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस, कलेक्टर ने तैयारी बैठक में दिए निर्देश




**पन्ना।** आगामी एक नवम्बर को मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और स्थापना दिवस के गरिमामय आयोजन के संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार ने स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का परस्पर समन्वय के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में बेहतर कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को पुरूस्कृत करने का निर्णय भी लिया गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागीय अधिकारी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए समय पूर्व आवश्यक तैयारी कर लें। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में जारी होने वाले अन्य निर्देशों के बारे मे पृथक से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के साथ जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यों से संबद्ध प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बेहतर विभागीय प्रदर्शनी को पुरूस्कृत किया जाएगा। जिला मुख्यालय के प्रमुख शासकीय भवनों पर एक नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मीसाबंदी, शहीद सैनिक के परिवार तथा महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाले स्वसहायता समूह व स्टार्टअप के पदाधिकारियों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की संध्या पर धरम सागर तालाब के घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# पन्ना नेचर कैम्प के जरिये स्कूली बच्चे जंगल की निराली दुनिया से होंगे रूबरू

**आगामी 2 नवम्बर से 22 फरवरी तक आयोजित होंगे पन्ना नेचर कैम्प**

**विद्यार्थियों के लिए 200 रू. एवं अन्य के लिए 400 रू. शुल्क निर्धारित**



**पन्ना।** बाघ पुनर्स्थापना योजना की चमत्कारिक सफलता के चलते देश और दुनिया में ख्याति अर्जित कर चुका म.प्र. का पन्ना टाईगर रिजर्व अपने अभिनव प्रयोगों और अनूठी गतिविधियों के लिये भी जाना जाता है। जनसमर्थन से बाघ संरक्षण की सोच को मूर्त रूप देने की मंशा से विगत 15 वर्ष पूर्व यहाँ पन्ना नेचर कैम्प आयोजित किये जाने का सिलसिला शुरू हुआ था, जो अब तक अनवरत रूप से सफलता पूर्वक जारी है। उल्लेखनीय है कि नेचर कैम्प में भाग लेकर अब तक हजारों स्कूली बच्चों तथा नागरिकों ने जंगल की निराली दुनिया से रूबरू होकर मानव जीवन में प्रकृति और पर्यावरण की महत्ता का पाठ पढ़ा है। प्रकृति के बीच जाकर बच्चों ने यह जाना कि सह अस्तित्व में ही सबकी भलाई है, प्रकृति से लड़कर हम अपने वजूद को भी सुरक्षित नहीं रख पायेंगे। क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी पन्ना नेचर कैम्प का आयोजन आगामी 2 नवम्बर से 22 फरवरी तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। टाईगर रिजर्व पन्ना एवं विश्व प्राकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन के उद्देश्य से पन्ना नेचर कैम्प 2025-26 आयोजित किया जा रहा है। इसमें पन्ना के विशिष्ट पर्यावरणविद प्रशिक्षक के रूप में भाग लेंगे। अच्छे नागरिक के साथ पर्यावरणविद बनने के इच्छुकजन पार्क कार्यालय से कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। आयोजित होने वाले नेचर कैम्पों के बारे में बताया गया है कि नवम्बर माह में 9, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, दिसम्बर माह में 7, 14, 21 एवं 28 दिसम्बर, जनवरी माह में 4, 11, 18 एवं 25 जनवरी तथा फरवरी माह में 1, 8, 15 एवं 22 फरवरी को पन्ना नेचर कैम्प आयोजित होगा। विद्यार्थियों के लिए 200 रूपए एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 400 रूपए सदस्यता शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए कार्यालय क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व अथवा दूरभाष क्रमांक 07732-252135 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रत्येक कैम्प में प्रत्येक वर्ग के लिए मात्र 15 स्थान उपलब्ध हैं। प्रतिभागियों का पंजीयन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 2 नवम्बर को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के विजेता प्रतिभागियों का निःशुल्क कैम्प आयोजित किया जाएगा।



# प्राथमिक विद्यालयों के षिक्षकों को निःषुल्क प्रदान की नवोदय गाईड

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोरा में दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना के जिला अध्यक्ष सम्माननीय चंद्रशेखर सिंह जी शिक्षक के द्वारा पंचायत अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में एक-एक पुस्तक आलोक नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 का वितरण पढ़ाने वाले शिक्षकों के माध्यम से विद्यालय बार किया गया। आपके इस सराहनीय कार्य को उपस्थित शिक्षकों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से 13 वर्षीय बालिका की मौत



**छतरपुर।** ग्राम डोंगरा निवासी 13 वर्षीय अंजली रैकवार पिता मुनीम रैकवार की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंजली इन दिनों ग्राम गंज थाना बमीठा में अपने मामा के यहां रह रही थी। बताया गया कि देर रात जब वह घर में सो रही थी, तभी किसी अज्ञात जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। परिजनों ने सुबह उसकी हालत बिगडऩे पर किराए का वाहन कर जिला अस्पताल छतरपुर लाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अंजली को मृत घोषित कर दिया। शनिवार की दोपहर बालिका का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सब इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत, ड्यूटी जाते वक्त हुआ था एक्सीडेंट

**छतरपुर।** पन्ना जिले के ग्राम हरदुआ निवासी सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार गौड़ पिता खिलाइयां गौड़ उम्र 35 वर्ष की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते रोज सब इंस्पेक्टर उत्तम गौड़ अपनी मोटर साइकिल से विदिशा ड्यूटी के लिए रवाना हुए थे। बताया गया कि गुरूवार को फोरलेन पर अचानक कुत्ता आ जाने से उन्होंने वाहन को बचाने की कोशिश की, इसी दौरान उनका गंभीर हादसा हो गया। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल धू-धू कर जल गई, जबकि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां से उनकी हालत नाजुक होने पर झांसी रिफर किया गया। झांसी से उन्हें आगे ग्वालियर भेजा गया, लेकिन शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे ग्वालियर अस्पताल के गेट पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### 48, 350 रुपये नकद और 13 मोबाइल बरामद, देर रात तक चली कार्यवाही

# बड़ामलहरा पुलिस ने नपाध्यक्ष पुत्र सहित 13 जुआरी पकड़े गए

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना पुलिस ने देर शाम नगर परिषद अध्यक्ष निशा आनंद सिंह के दफ्तर के पास चल रहे जुआ के फड़ पर छापा मारते हुए बड़ी कार्रवाई की। पुलिस की इस अचानक दबिश से मौके पर हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने मौके से कुल 13 आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें नगर परिषद अध्यक्ष निशा आनंद सिंह का पुत्र रोहित सिंह, दीपेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह बुंदेला, मनी अग्रवाल, पप्पू साहू, अजय सिंह परमार, शिवम राजा, शिवाजी सिंह, अनुज राजा, अनमोल सिंह परमार, सौरभ प्रताप सिंह, अरमान बुंदेला और देवराज सिंह शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 48,350 नकद राशि और 13 मोबाइल फोन जप्त किए हैं। हालांकि शुरुआती चरण में पुलिस ने घटना की जानकारी देने से परहेज



किया और आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए। बाद में थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला का एक वीडियो सामने आया, जिसमें उन्होंने जप्ती की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सूत्रों के अनुसार देर रात तक चली इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को छोड़ दिया। वहीं पूरे नगर में इस बात की चर्चा रही कि बड़ामलहरा पुलिस ने लाखों के जुए पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस का यह अभियान सतत जारी है इससे जुआरियों में पुलिस का खौफ है।

## जिला अस्पताल बना अखाड़ा, दो महिलाओं के बीच जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल



**छतरपुर।** जिला अस्पताल छतरपुर एक बार फिर चर्चा में है। यहां आए दिन हो रहे विवादों और मारपीट की घटनाओं ने अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला अस्पताल की तीसरी मंजिल का है, जहां दो महिलाओं के बीच जमकर गुथमगुथ्थी और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। सूत्रों के अनुसार विवाद के दौरान दोनों महिलाएं एक-दूसरे पर हमला करती नजर आईं। मौके पर मौजूद लोग उन्हें छुड़ाने का प्रयास करते दिखे, लेकिन स्थिति काफी देर तक तनावपूर्ण बनी रही। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि एक घायल युवक भी मारपीट में शामिल हो गया, जिससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर और भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनुशासन बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद दोनों महिलाएं वहां से मरीज को लेकर फरार हो गईं। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मेले का एसपी अगम जैन ने किया निरीक्षण, दिए सख्त दिशा-निर्देश

**छतरपुर।** नगर पालिका द्वारा संचालित जलविहार मेला इन दिनों शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसी क्रम में बीती रात पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे मेले परिसर का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी जैन ने मेले में लगे झूलों और दुकानों की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि झूलों के संचालन में अनियमितताओं और झूलों के आपस में टकराने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। साथ ही, कुछ स्थानों पर बाउंसरों द्वारा मारपीट की घटनाओं की जानकारी भी सामने आई थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि रात्रि 9 बजे तक सभी झूले बंद



कर दिए जाएं और रात्रि 10 बजे तक मेला पूरी तरह बंद हो जाना चाहिए। एसपी श्री जैन ने कहा कि मेला स्थल का क्षेत्रफल सीमित होने के बावजूद दुकानों और झूलों की संख्या अधिक है, जिससे भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है। इसलिए आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने मेले के आयोजकों और पुलिस बल को सतर्कता बरतने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए।

## बॉबी राजा गठेवरा ने जन्मदिन को बनाया सेवा और संस्कार का पर्व

**छतरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा गठेवरा ने अपने जन्मदिवस को सामान्य तरीके से नहीं बल्कि सेवा, संस्कार और समाजसेवा के कार्यों को समर्पित करते हुए विशेष रूप से मनाया। उन्होंने दिन की शुरुआत निर्वाणा फाउंडेशन पहुंचकर की, जहां उन्होंने बच्चों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनके साथ आत्मीयता से समय बिताया। इसके पश्चात बॉबी राजा गठेवरा हनुमान टौरिया स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों का पूजन कर चारे का वितरण किया और गौसेवा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि सेवा और संस्कार ही जीवन का सच्चा आधार हैं, जन्मदिन जैसे अवसर हमें समाज के प्रति



अपनी जिम्मेदारियों को और मजबूती से निभाने का अवसर देते हैं। इसी क्रम में वे जिला अस्पताल परिसर स्थित वृद्धाश्रम भी पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों के चरणस्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया और फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया। वृद्धजनों ने उन्हें दीर्घायु एवं सफल जीवन का आशीर्वाद दिया। दिनभर जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों का उन्हें बधाई देने का तांता लगा रहा।

## एसपी कार्यालय की कैंटीन में निकला जहरीला सांप

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित कैंटीन में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां अचानक एक जहरीला सांप दिखाई दिया। सूचना मिलते ही सांप पकडऩे के विशेषज्ञ मोहम्मद यूनिस खान मौके पर पहुंचे और महज 8 मिनट में सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार यह सांप रसाल वाइपर प्रजाति का था, जो अत्यंत जहरीला माना जाता है। इसके काटने से इंसान की मृत्यु भी हो सकती है। यूनिस खान निवासी संकट मोचन पहाड़ी, पिछले 20 वर्षों से सांप पकडऩे का कार्य कर रहे हैं और अब तक सैकड़ों खतरनाक सर्पों को सुरक्षित रूप से पकड़ चुके हैं। यूनिस खान ने बताया कि सांप को बिना किसी नुकसान के पकड़ा गया है और जल्द ही उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा। पुलिस कर्मियों और स्टाफ ने उनकी तत्परता और साहस की सराहना की।



# भारतीय राजनीति के गुरु एवं बुंदेलखंड की शान हैं पंडित सत्यव्रत चतुर्वेदी: गणेश भाई कुण्डिया

**छतरपुर।** भाईदूज की शुभ बेला पर मतँगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा के साथ योग एवं आयुर्वेद के विशेषज्ञ, परिवर्तन एनजीओ के प्रतिनिधि तथा खजुराहो के प्रतिष्ठित व्यापारी गण एकत्र होकर भारतीय राजनीति के गुरु एवं बुंदेलखंड की शान कहे जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित सत्यव्रत चतुर्वेदी के आवास पर पहुँचे। सभी ने उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर मार्गदर्शन की मंगलकामनाएँ करते हुए भाईदूज के इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर श्री चतुर्वेदी ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि उनका खजुराहो से गहरा आत्मीय और भावनात्मक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि खजुराहो केवल विश्व धरोहर स्थल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और अध्यात्म का जीवंत केंद्र है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि खजुराहो को स्वच्छ, सुंदर और संस्कारित शहर बनाने में हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।पंडित शर्मा ने बताया कि उनका



चतुर्वेदी परिवार से वर्षों पुराना पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि भाईदूज का यह पर्व उनके जीवन का एक भावनात्मक अध्याय है उनके कर्म गुरु पंडित विनोद गौतम कि बहिन होने नाते हर वर्ष श्रीमती चतुर्वेदी से टीका करवाने एवं आशीर्वाद लेने के लिए अवश्य पहुँचते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो आज भी स्नेह, सम्मान और संस्कारों का प्रतीक बनी हुई है। गुजरात के हैंडी क्राफ्ट व्यापारी गणेश भाई कुण्डिया ने कहा श्री चतुर्वेदी भारतीय राजनीती के एक ऐसे ईमानदार एवं विद्वान् गुरु है जिनके कार्यों एवं व्यक्तित्व क़ी प्रशंसा भारतीय राजनीती कि सभी पार्टियों के नेता विशेष कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह जी ने भी करते है कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्य छतरपुर के पूर्व विधायक पंडित आलोक चतुर्वेदी पज्जन के निवास पर भी पहुँचे। वहाँ भी भाईदूज के अवसर पर आत्मीय भेंट एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ साथ में सचिन पाठक, ग्रजेश पाठक एवं अमेरिका से आए योगी दिनेश पाठक उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन में आध्यात्मिकता, सामाजिकता और भारतीय पारिवारिक मूल्यों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। खजुराहो और छतरपुर के जनमानस के लिए यह दिन न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रहा, बल्कि यह बुंदेलखंड की सांस्कृतिक एकता और पारस्परिक सम्मान का उज्ज्वल उदाहरण भी बना।

### कतकारियों और कलाकारों के बीच गीत संगीत के साथ जमकर हुई नोकझोंक

**ईशानगर।** कृष्ण भक्ति के पावन मास कार्तिक में महिलाएं कार्तिक स्नान कर भक्ति में लीन हैं। जिसकी बानगी ईशानगर क्षेत्र गहरवार में भी देखनों को मिली श्री कृष्ण की कृपा पाने के लिए महिलाएं भगवान का व्रत करती है और ब्रह्म मुहूर्त में ही पवित्र नदी, तालाब में स्नान कर भगवान की पूजा अर्चना कर रही हैं।
कार्तिक मास में कृष्ण भक्त महिलाओं को ग्वाल रूपी भक्तों द्वारा मार्ग में रोक कर उन्हें भजन कीर्तन साथ छेडऩे और उन्हें उपहार देने की परंपरा है। इसी परंपरा को निभाते हुए पूर्व विधायक आशा रानी एवं उनके पुत्र भुवन विक्रम सिंह केशु ने अपने निज निवास ग्राम रतनगढ़ी गहरवार के प्रसिद्ध श्री राम जानकी मंदिर में भगवान जी से क्षेत्रवासियों की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना के लिए माथा टेका। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण को खोजने के लिए इधर उधर भटक रही सभी कतकारियों को श्री कुमकुम श्री तिलक व श्रंगार भेंट कर सभी के साथ नित्य कर उत्साहवर्धन करते हए फलहार वितरित किया। वहीं महिलाओं ने भी पूर्व विधायक आशा रानी के इस प्यार और स्नेह की जमकर सराहना की। इस दौरान महिलाओं और कलाकारों ने भजन कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं एक दूसरे से भजनों के माध्यम से जमकर नोकझोंक हुई।

## खजुराहो में पुरातत्व विभाग के निशुल्क पार्किंग परिसर से भी कट रही पार्किंग की फर्जी रसीदें

### पुरातत्व विभाग का निशुल्क पार्किंग का साइन बोर्ड गायब

**खजुराहो।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों से उनके वाहनों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुरातत्व विभाग द्वारा अपने परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार के अंदर निशुल्क और सुरक्षित वाहन पार्किंग की सुविधा पर्यटकों को प्रदान की गई है,लेकिन कुछ अनाधिकृत तत्व बलपूर्वक उक्त प्रवेश द्वार पर आनेजाने वाले वाहनों के मालिकों और चार पहिया वाहन संचालकों से जबरजस्ती अवैध रूप से पार्किंग शुल्क के नाम से 50/- की रसीद थमाकर वसूली की जा रही है,जिससे खजुराहो की छवि को बट्टा लग रहा है। यहां आनेजाने वाले पर्यटकों से आए दिन दुव्यवहार होता है। गौरतलब है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा शासन की निर्धारित दर पर पार्किंग शुल्क राशि लेने हेतु पार्किंग शुल्क के साइन बोर्ड लगवाए गए थे जो अब नदारत हैं। सूत्र बताते हैं निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने के उद्देश्य से इन पार्किंग साइन बोर्डों को सुनियोजित तरीके से हटाया गया है, साथ ही पार्किंग ठेकेदार द्वारा बगैर पहचान पत्र वाले लोगों को वसूली पर



लगाया गया है। गौरतलब है कि नगर प्रशासन द्वारा चार पहिया वाहनों से 20/- रुपए तथा 6 पहिया बस, ट्रक आदि वाहनों से 50/-रुपए हेतु शासन द्वारा निर्धारित पार्किंग शुल्क निर्धारित की गई है,जिसका ठेका दिया जाता है।

**इनका कहना है -**

भारतीय पुरातत्व विभाग के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में पर्यटकों के वाहनों को निशुल्क पार्किंग व्यवस्था है, जिसका विभाग द्वारा साइन बोर्ड भी लगवाया गया है। अगर कोई प्रवेश द्वार के बाहर पार्किंग शुल्क ले रहा है तो मैं दिखवाता हूं और यदि साइन बोर्ड नहीं है तो लगवा दिया जाएगा।

**दीक्षांत चावरे, सीनियर सीए, भारतीय पुरातत्व विभाग खजुराहो**

## पत्नी ने नहीं बनाई रोटी तो पति ने तवे से की बेरहमी से पिटाई, महिला गंभीर रूप से घायल



**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ में घरेलू विवाद के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पति ने अपनी पत्नी को मात्र इसलिए बेरहमी से पीट दिया क्योंकि उसने सुबह रोटी नहीं बनाई थी। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय सुमन राठौर अपने पति और तीन बेटियों के साथ घर पर थी। सुबह के समय रोटी न बन पाने पर पति को गुस्सा आ गया और उसने रसोई में रखे तवे से ही सुमन पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके पैर में गहरी चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गई। किसी तरह अपनी जान बचाते हुए सुमन तीनों बेटियों को लेकर छतरपुर बस स्टैंड पहुंची। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत महिला पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद महिला पुलिस बल ने घायल सुमन और उसकी बेटियों को सिटी कोतवाली पहुंचाया और उपचार की व्यवस्था कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पति फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### कलेक्टर के निर्देश पर कचरा फेंकने वाले 14 व्यक्तियों के कटे चालान, 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश और मुख्य नगरपालिका अधिकारी माधुरी शर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक के मार्गदर्शन में नगर पालिका छतरपुर द्वारा शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को नगरपालिका टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वाले 14 व्यक्तियों एवं दुकानदारों पर चालान कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई जोन प्रभारी कुलदीप तिवारी, वार्ड प्रभारी, सुपरवाइजर एवं नगरपालिका स्वच्छता टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की गई। टीम ने मौके पर जाकर कचरा फेंकने वालों को चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, नालियों या नालों में कचरा फेंकते पाए जाने पर उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ माधुरी शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# जीत भीड़ के साथ नहीं भगवान के साथ होती है: पीठाधीश पं. शास्त्री

### बागेश्वर महाराज की जन्मस्थली में चल रही है संगीतमय श्री सत्यनारायण कथा

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की जन्मस्थली में श्री सत्यनारायण की कथा चल रही है। पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने मुखारविंद से ही श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण करा रहे हैं । यह शायद देश का पहला अवसर होगा जहां संगीत के साथ तीन दिनों तक श्री सत्यनारायण की कथा की जा रही है। दूसरे दिन की कथा में महाराज श्री ने कहा कि जीत भीड़ के साथ नहीं भगवान के साथ होती है। उन्होंने महाभारत युद्ध के प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि भीड़ कौरवों के साथ थी लेकिन भगवान पांडवों के साथ थे इसलिए पांडवों की विजय हुई।
मंगल आरती के साथ शुरू हुई दूसरे दिन की कथा में जहां बद्रीनाथ धाम से पधारे पूज्य बालक योगेश्वर दास महाराज की सन्निधि प्राप्त हुई। वहीं प्रख्यात कथा व्यास श्री धाम वृंदावन



से आए पूज्य इंद्रेश महाराज की भी गरिमामय उपस्थिति रही। महाराज श्री ने कथा क्रम में कहा कि सत्य ही ईश्वर है इसीलिए सत्यनारायण कहा जाता है। उन्होंने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि सत्य की अवधारणा पर ही पृथ्वी टिकी है, सूर्य तप रहा है। जिसने सत्य को जान लिया उसने ईश्वर को जान लिया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में भगवान शिव स्वयं माता पार्वती से कहते हैं कि भगवान का भजन ही सत्य है बाकी जगत मिथ्या है। स्वयं को सत्य पर उतरना होगा तभी जगत का सत्य दिखाई देगा। महाराज जी अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहते हैं कि उस समय बड़ा आनंद था, सुबह से उठकर धाम पहुंचना हैंडपंप में स्नान करने के बाद खूब पूजा पाठ करना, भगवान भोलेनाथ के दर्शन करना, लेकिन अब समय बदल गया है इतनी व्यस्तता हो गई की नियम करना कठिन हो गया है।

**जो सहता है वही जीतता है: इंद्रेश उपाध्याय:** श्री धाम वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित इंद्रेश उपाध्याय बागेश्वर धाम पहुंचे, वहां उन्होंने बालाजी और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद बागेश्वर महाराज से भेंट की। महाराज श्री की माताजी का आशीर्वाद लेते हुए उनके हाथ का बनाया प्रसाद ग्रहण किया। इंद्रेश महाराज ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि जो सहता है वही जीतता है। इस छोटी सी कुटिया से निकलकर पूरी दुनिया में सनातन का परचम लहराने वाले बागेश्वर महाराज ने अपने इस जीवन में तमाम बाधाएं सहीं। यहां देखकर मन अत्यंत प्रसन्न है। यहां आने से जो भाव उत्पन्न हो रहे हैं वह सिर्फ हृदय में है, उन्हें शब्दों में नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रकृति और देश में बदलाव लाने वाले लोग ऐसे ही स्थान से निकलते हैं।

**द ग्रेट खली ने की यात्रा में शामिल होने की अपील**

शनिवार का दिन बागेश्वर धाम में वैसे ही प्रेतराज दरबार के कारण भीड़ से भरा रहता है, लेकिन इस दिन एक प्रख्यात कथा वाचक और एक जाने-माने फाइटर के पहुंचने से भीड़ और बढ़ गई। द ग्रेट खली शनिवार को बागेश्वर धाम आए उन्होंने बालाजी का आशीर्वाद दिया और महाराज श्री का आशीर्वाद लेने के साथ फोटो भी खिंचवाई। ग्रेट खली ने सभी सनातनी प्रेमियों से कहा कि वह बागेश्वर महाराज की 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन जाने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हो क्योंकि यह पदयात्रा महाराज श्री सभी सनातनी प्रेमियों के लिए कर रहे हैं। महाराज श्री जिन संकल्प को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं वे संकल्प हम सबके हैं।

## खबर संक्षेप

### समीक्षा बैठक का आयोजन 30 अक्टूबर को

रीवा । कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा एवं कृषि उत्पादन आयुक्त की आगामी बैठक के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक 30 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि एवं उससे संबद्ध अन्य विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 27 तक करें जनरेट

रीवा । वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 अक्टूबर तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक नवम्बर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की पहली तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

### विधिक साक्षरता शिविर में दी विधिक जानकारी

रीवा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के तत्वाधान में मुफ्त एवं सक्षम विधि सेवाएँ प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु जो आर्थिक या किसी अन्य विषम कारण से न्याय प्राप्त करने से वंचित रहते हैं, के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के संरक्षण एवं निर्देशन के तहत आयोजित हुआ। ये शिविर स्वर्गीय बृजराज सिंह तिवारी स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल मनिकवार पीएम श्री सहित सरस्वती शिशु मंदिर, गांधी पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल, विवेक ज्योति स्कूल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिनौती, शासकीय माध्यमिक विद्यालय शुकुलगवां एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहाई में लगाए गए। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिवानी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश समीर मिश्रा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध आदि के बारे में बताया। न्यायिक दंडाधिकारी यश अबिद्रा द्वारा विभिन्न अपराधों से जागरूकता एवं बचाव की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय मिश्रा ने प्राधिकरण के उद्देश्यों को बताया। राजकुमार सिंह तिवारी ने न्यायाधीशगणों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी। शिविर में प्राचार्य अमरजीत तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### एपीएस विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर बवाल

रीवा । अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में आए परिणाम को लेकर लगातार छात्रों की ओर से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। शुरुआती दौर में छात्रों ने कहा 90 प्रतिशत से अधिक छात्र फेल हो गए, इसका मतलब सही मूल्यांकन नहीं हुआ। इस पर विश्वविद्यालय की ओर से शारीरिक शिक्षा विभाग का दोबारा मूल्यांकन कराया, जिसके बाद 33 में से आठ छात्र उत्तीर्ण हो गए। इसके पहले सभी छात्र फेल हो गए थे। दोबारा हुए मूल्यांकन में 55 नंबर तक बढ़ोतरी हुई है। इस पर छात्रों ने और सवाल उठा दिए है। आरोप है कि शारीरिक शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों के रिश्तेदारों और करीबियों को दोबारा मूल्यांकन में पास कर दिया गया है जबकि कई अन्य दोबारा भी फेल किए गए है। कुलपति को भी छात्रों ने लपेटे में लिया है और सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जबलपुर ले जाकर उत्तर पुस्तिकाओं का मनमानी रूप से मूल्यांकन कराया है। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एवं ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने मूल्यांकन व्यवस्था पर सवाल उठाया है और पूरी परीक्षा में निरस्त करने की मांग की है। छात्रों के कई प्रतिनिधि मंडल कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह परिहार से भी मिले। जिसपर उन्होंने कहा है कि प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। यदि किसी छात्रों को ऐसा लगता है कि उन्हें सही अंक नहीं मिले हैं तो यह आरटीआई के जरिए अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति निकलवाएं। इसके साथ ही उन्हें परीक्षा से जुड़ी आंसर-की भी उपलब्ध करा दी जाएगा। इससे छात्र मिलान करें और फिर यदि संतुष्ट नहीं हैं तो यह आवेदन करेंगे तो उस पर विचार किया जाएगा। कुलसचिव ने बताया कि शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रत्रों के सेट की नंबरिंग में तकनीकी त्रुटियों के चलते बदलाव हो गया था। जिसकी वजह से उसकी आंसर की भी प्रभावित हुई है। अन्य सभी विषयों की परीक्षा और मूल्यांकन नियमानुसार ही संपन्न कराए गए है।

## शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक - उप मुख्यमंत्री

# डिप्टी सीएम ने सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ






रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है। जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का। उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है। इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद हमें अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक विन्ध्य क्षेत्र के गौरवशाली संस्थान सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बास्केट बाल, वॉलीबाल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित देश भर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी गत वर्ष आयोजित ग्रुप स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।

## बीएएमएस की और उपचार एलौपैथ का क्लीनिक किया सील

# सीएमएचओ ने जीवन ज्योति क्लीनिक में कार्रवाई



रीवा ।

शहर में चल रहे अवैध पॉली क्लीनिक को शुक्रवार को सीएमएचओ ने सील कर दिया है। यह क्लीनिक डॉक्टर संतोष शुक्ला की ओर से संचालित की जा रही थी। उनके पास बीएएमएस की डिग्री है, लेकिन वह आयुर्वेद के साथ ही एलोपैथ की दवाएं भी कर रहे थे। इसकी शिकायत कई दिनों से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिल रही थी। इसके चलते सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला अपनी टीम के साथ पहुंचे और संचालक से दस्तावेज मांगे, लेकिन वह जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इसके चलते जीवन ज्योति क्लीनिक को सील कर दिया गया। साथ साथ ही कहा गया कि वह अपने दस्तावेज दिखाएं उसके बाद तय होगा कि यह संचालन के योग्य है कि नहीं। बता दे कि कुछ दिन पहले शहर के नेहरू नगर मोहल्ले में इसी तरह सजीवन अस्पताल का अवैध रूप से संचालन होने पर सीज कर दिया गया है। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि शहर में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित संस्थानों पर कार्रवाई करें।संचालक दी सफाई जीवन ज्योति क्लीनिक के संचालक डॉ. संतोष शुक्ला ने कहा कि उनके पास क्लीनिक संचालन से जुड़ी अनुमति एवं अन्य सभी जरूरी दस्तावेज हैं। सभी दस्तावेज सीएमएचओ को दिखाए भी हैं। इसके बावजूद उन्होंने सील कर दिया है।



# चित्रकूट से प्रारंभ हुई राम यात्रा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

रीवा ।

पूज्य संत मुरारी बापू द्वारा 25 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रामकथा पर चित्रकूट से अयोध्या तक राम वन गमन पथ के मार्गो पर राम यात्रा शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर संत मुरारी बापू, मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, डी आर आई के संगठन सचिव अभय महाजन संत राम हृदय दास मदन पालीवाल की गरिमामय उपस्थिति में राम यात्रा की ट्रेन रवाना की गई। राम यात्रा में यह ट्रेन रामेश्वरम तक जाएगी। इसके बाद रामयात्रा हवाई मार्ग से श्रीलंका पहुंचेगी और इसी क्रम में वापस राम यात्रा अयोध्या आयेगी। इसके साथ ही राम यात्रा सड़क मार्ग से अत्रि मुनि आश्रम सती अनुसुइया चित्रकूट सतना भी पहुंची। चित्रकूट से सड़क मार्ग से होती हुई राम यात्रा उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन से रामेश्वरम को रवाना हुई। प्रभु श्री राम वनवास काल के दौरान जिन स्थानों पर गए थे उसी मार्ग पर राम यात्रा संचालित होगी।

## अनुकंपा में निलंबित पूर्व प्रभारी डीईओ बहाल

### जारी रहेगी जांच प्रदेशभर में सुर्खियों में आया था शिक्षा विभाग का भर्ती घोटाला

रीवा ।

शिक्षा विभाग में हुए अनुकंपा नियुक्ति घोटाले से सुर्खियों में आए तत्कालीन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता को बहाल कर दिया गया है। यह आदेश संभागायुक्त ने जारी किया है। बहाली के साथ ही लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक कार्यालय में सहायक संचालक के के रिक्त पद पर पदस्थ किया गया है। इनके विरुद्ध शुरू की गई विभागीय जांच आगे भी जारी रहेगी। भी बीते करीब चार महीने पहले अनुकंपा नियुक्ति में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया था। इसमें एक ऐसे व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई थी, जिसके परिजन विभाग थे ही नहीं, बल्कि गांव में श्रमिक हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब संबंधित व्यक्ति ने नौकरी के बाद वेतन की मांग कर दी। जांच में फर्जीवाड़ा पाने पर पांच की अनुकंपा नियुक्तियां निरस्त की गई। साथ ही मामला सुर्खियों में आने की वजह से कलेक्टर के प्रतिवेदन पर संभागायुक्त ने तत्कालीन डीईओ सुदामालाल गुप्ता को निलंबित कर दिया उस दौरान कूटरचित दस्तावेज पार जाने पर जिनकी नियुक्तियां निरस्त की गई थी उसमें प्रमुख रूप से विनय कुमार रावत पिता राजेश रावत निवासी ग्राम बरौ (सेमरिया) नियुक्ति शासकीय उमावि तिधारा, हीरामणि रावत पिता भैयालाल निवासी जोहोरी की नियुक्ति पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीड़ा, सुषमा कोल पिता श्यामलाल कोल निवासी सोहागी की नियुक्ति शासकीय उत्कृष्ट उमावि गगेव, ऊषा देवी पिता बुद्धसेन वर्मा निवासी चंदेला की नियुक्ति शासकीय उमावि अटरिया, ओमप्रकाश कोल माता राधा कोल निवासी खुथी नियुक्ति शासकीय उमावि अटरिया के नियुक्ति आदेश तत्काल निरस्त किए गए थे।जांच अब तक अधूरीपहले एक मामला सामने आया, जब जांच हुई तो पांच और सामने आए। इसके बाद संभागायुक्त ने हुजूर एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर बीते तीन वर्षों में हुई अनुकंपा नियुक्ति की जांच के निर्देश दिए थे। जांच लेटलतीफी का शिकार होती जा रही है।

# विंध्य क्षेत्र की 59 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान






रीवा ।


बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट, भोपाल द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विंध्य क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को समर्पित रहा, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और संकल्प से प्रदेश और देश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समारोह में प्रदेशभर से आए विभिन्न संवर्गों में चयनित 59 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट ने गौरवान्वित किया। इस अवसर पर रबघेली दर्पण स्मारिका और दिनेश कुमार गहरवार द्वारा लिखित पुस्तक विंध्य प्रदेश का राजनैतिक इतिहास का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विंध्य क्षेत्र सदैव प्रतिभाओं की भूमि रहा है। यहां की धरती वनों, खनिजों और सफेद शेर के लिए तो प्रसिद्ध है ही, साथ ही यह विद्वता और संस्कृति के लिए भी जानी जाती है। उन्होंने कहा कि बघेलखंड सांस्कृतिक भवन वास्तव में बघेलखंड का घर है, जहां से पूरे क्षेत्र की एकता, संस्कृति और पहचान झलकती है।इस दौरान बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया' ने कहा कि रीवा संभाग का कौन-सा युवा कब कहां पहुंच जाए, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि तानसेन और बीरबल जैसी ऐतिहासिक विभूतियों की भूमि आज भी नई प्रतिभाओं से भरी पड़ी है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह आयोजन समाज के उत्थान की दिशा में एक प्रेरक कदम है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में छोटे हों या बड़े, जिनसे भी हमें कुछ अच्छा सीखने को मिले, हमें अवश्य सीखना चाहिए। यही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे बड़ा मार्ग है। रीवा के महापौर अजय मिश्र बाबा ने कहा कि विंध्य क्षेत्र की नई पीढ़ी प्रदेश और देश की सेवा में समर्पित है। उन्होंने बघेली बोली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हमें कम से कम अपने क्षेत्र और अपने लोगों के बीच बघेली में बात करनी चाहिए, यह हमारी पहचान है।बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के महासचिव डॉ. कमलाकर सिंह ने कहा कि बघेल खंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट अपने क्षेत्र की संस्कृति, अस्मिता और एकता के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विंध्य की माटी से ऐसे सपूत निकले हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा और सेवा में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी जैसे विंध्य के सपूत इस धरती का गौरव हैं।

## मऊगंज कलेक्टर ने सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

# दिसंबर माह तक कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

मऊगंज

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गत दिवस नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का गहन निरीक्षण किया। यह परियोजना मऊगंज जिले के 352 ग्रामों की कुल 37 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी। कलेक्टर ने परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने नईगढ़ी सिंचाई परियोजना प्रथम के मुख्य पम्प हाउस रघुराजगढ़ और पी.टी. मलैगवा तथा नईगढ़ी सिंचाई परियोजना द्वितीय के मुख्य पम्प हाउस भटीगवां और बी.पी.टी.



बेलहा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने परियोजना के अधिकारियों को रबी सीजन में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कार्य आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिए जाएँ। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री बी.पी. मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती नीलम मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी श्री मिठाई लाल वाडेकर, संविदाकार जे.पी. एसोसिएट्स के प्रतिनिधि डी.डब्ल्यू. दुधाने सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।